गैरसैंण,सोमवार
24 जून 2024
वर्ष: 16
अंक: 59 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### स्मैक के आरोपी को चार साल की सजा

चमोली। विशेष सत्र न्यायाधीश धर्म सिंह की अदालत ने स्मैक तस्करी के आरोपी युवक को दोषी करार दिया है। शनिवार को अदालत ने अभियुक्त को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 19 अक्टूबर 2019 की रात को चमोली कोतवाली पुलिस ने कोठियालसैंण के पास शुभम कुमार को आठ ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा था। एनडीपीएस एक्ट में पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद अदालत ने उसे जेल भेज दिया था। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आठ गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयान और सुबूतों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त शुभम कुमार को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### चीन के हुनान प्रांत में बारिश के बाद भूस्खलन, आठ लोग लापता

बीजिंग , मध्य चीन के हुनान प्रांत में रविवार तडके़ हुए भूस्खलन के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन हुआहुआ शहर के शिन्हुआंग डोंग स्वायत्त काउंटी के डौक्सी गांव में रविवार तडके़ करीब चार बजे हुआ। काउंटी के आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र को इसकी सूचना दी गई। भूस्खलन के कारण चार घर ढह गए। घटनास्थल पर मौजूद अन्य सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। बचाव कार्य जारी है। काउंटी में भारी बारिश हुई है। इस महीने सिचुआन बेसिन, गुइझोउ, हुनान, जियांग्शी, झेजियांग, फुजियान, गुआंग्शी, ग्वांगडोंग, हेनान, हुबेई और हेइलोंगजियांग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और आंधी–तूफान से बाढ़ के कारण व्यापक क्षति हुई हैं, और कई लोगों की मौत हो गई है।

### अमेरिका में गोलीबारी में मरने वाले चार लोगों में आंध्र प्रदेश का युवक शामिल

अमरावती ,। अमेरिका के अर्कांसस में एक किराना स्टोर में हुई गोलीबारी में जिन चार लोगों की मौत हो गई थी उनमें आंध्र प्रदेश का एक 32 वर्षीय युवक भी शामिल है। आंध्र प्रदेश के पीड़ित की पहचान बापटला जिले के मूल निवासी दासारी गोपीकृष्ण के रूप में हुई है। वह आठ महीने पहले ही अमेरिका गया था। वह अर्कांसस के एक छोटे से शहर फोर्डिस में मैड बुचर किराना स्टोर में काम करता था। गत 21 जून को एक बंदूकधारी ने स्टोर में गोलीबारी की जिसमें बिलिंग काउंटर पर मौजूद गोपीकृष्ण को गंभीर चोटें आईं। अगले दिन शनिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बापटला जिले के करलापलेम मंडल के याजली में रहने वाला उसका परिवार खबर मिलने के बाद सदमे में है। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। स्टोर के अंदर और पार्किंग में बंदूकधारी द्वारा की गई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। इस बीच, हमलावर द्वारा स्टोर में घुसने और काउंटर पर मौजूद व्यक्ति पर गोलियां चलाने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

### कर्नाटक सेक्स स्कैंडल : प्रज्वल का भाई सूरज रेवन्ना गिरफ्तार

बेंगलुरू , कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में कर्नाटक पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। यौन उत्पीडऩ के एक मामले में जनता दल (सेक्युलर) के एमएलसी सूरज रेवन्ना को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने उनके भाई और यौन अपराध के आरोपी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार किया था। आपको बता दें कि प्रज्वल के भाई पर एक शख्स ने अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। हासन जिले के होलेनरसिपुरा पुलिस थाने में जेडीएस के एक कार्यकर्ता द्वारा सूरज रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि सूरज ने 16 जून को उसके फार्महाउस पर उसका यौन उत्पीडऩ किया। शकायतकर्ता ने बताया कि सूरज रेवन्ना ने उसे अपने फार्महाउस पर बुलाया था और उसने जबरदस्ती की। शिकायत मिलने के बाद हसन पुलिस ने अप्राकृतिक यौन कृत्य से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में शिकायत मिलने के बाद सूरज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और अब उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज–यलो अलर्ट, नैनीताल के लिए खास चेतावनी



### चक्रवाती प्रवाह के कारण मौसम का मिजाज बदला

उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और चक्रवाती प्रवाह के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बादल मंडरा रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बौछारों का सिलसिला जारी है। बीते तीन दिनों से हो रही वर्षा के बाद भीषण गर्मी से राहत है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में लू का प्रकोप थम गया है। हालांकि, दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में दोपहर में उमस बरकरार है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार आज और कल प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और निचले इलाकों में कहीं–कहीं बौछार और झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। जबकि 24 से 30 जून तक प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में वर्षा के तीव्र दौर हो सकते हैं।

देहरादून। उत्तराखंड में बीते दिनों हुई प्री–मॉनसून बारिश से मौसम बदल गया है। उम्मीद है कि उत्तराखंड में भी मानसून जल्द दस्तक देगा। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले सात दिन तक बारिश वाला मौसम रहने का पूर्वानुमान जताया है। अगले सात दिनों के दौरान उत्तरखंड के विभिन्न हिस्सों में व्यापक रूप से झमाझम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 25 से 27 जून के दौरान भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है।

वहीं मौसम विभाग की ओर से नैनीताल जिले में 24 से 29 जून के दौरान आंधी–तूफान के साथ जोरदार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की इस चेतावनी को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। खासतौर पर अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि मौसम विभाग ने 24 से 26 जून और उसके बाद 29 जून तक मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कटऊ की ओर से जारी चेतावनी को देखते हुए जिले में अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों उनके अपने–अपने मुख्यालय पर बने रहने को कहा गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों यह भी निर्देश हैं कि वे इस अवधि के दौरान अपने मोबाइल फोन को 24 घंटे खुला रखें। अधिकारी ने यह भी बताया कि भारी बारिश की स्थिति में सभी तहसीलों से हर घंटा की ताजा रिपोर्ट डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी सेंटर को मुहैया कराने को कहा गया है। संवेदनशील रास्तों और सड़कों पर जेसीबी मशीनों को तैयार रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। लोगों से खराब मौसम के दौरान बाहर निकलने से परहेज करने की सलाह दी गई है। खासतौर पर किसानों से बारिश और वज्रपात के दौरान खेती बाड़ी के काम में एहतियात बरतने की अपील की गई है।

### इंदौर में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के थे करीबी

इंदौर , मध्य प्रदेश के इंदौर से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मोनू मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेहद करीबी थे। घटना शहर के एमजी रोड थाना क्षेत्र के चिमनबाग इलाके की है। जानकारी के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते पीयूष और अर्जुन ने मोनू कल्याणे को गोली मारी। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। इंदौर के विधानसभा क्रमांक 03 की राजनीति में दखल रखने वाले मोनू कल्याणे की गिनती कैलाश विजयवर्गीय के बेटे पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के खास लोगो में होती थी। गोली लगने से घायल मोनू को लेकर उनके साथी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना से पहले पीयूष और अर्जुन बाइक पर बैठे–बैठे मोनू के साथ कुछ चर्चा करने लगे। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे अर्जुन ने पिस्टल निकालर मोनू कल्याणे पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और पीयूष के साथ मौके से फरार हो गया।

# गंगा में स्नान कर रही महिलाओं का वीडियो बनाने वालों पर होगी कार्रवाई



**स्नान करती महिलाओं का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डाल रहे कुछ ब्लॉगर**

हरिद्वार। हरिद्वार में गंगा घाटों पर स्नान के दौरान बालिकाओं और महिलाओं के फोटो, वीडियो बनाने और शार्ट वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डालने वालों के खिलाफ अब पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

हिंदू जनजागृति समिति की ओर से राष्ट्रीय महिला आयोग और उत्तराखंड महिला आयोग में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पुलिस ने गंगा घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाए हैं। इनमें स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि महिलाओं के फोटो, वीडियो और शार्ट वीडियो बनाना कानूनी अपराध है। शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालांकि यह व्यवस्था पहले से ही है, पर अनुपालन नहीं कराया जाता है।

चारधाम यात्रा सीजन में देश भर से ब्लागर और इंटरनेट मीडिया इन्फलुएंसर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। कुछ समय से देखने में आ रहा था कि कुछ ब्लॉगर हरकी पैड़ी सहित आसपास के गंगा घाटों पर स्नान करती महिलाओं और बालिकाओं के फोटो और वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया के अलग–अलग प्लेटफार्म पर डाल रहे हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे वीडियो प्रसारित होने पर पुलिस ने कार्रवाई भी की है।

# इसरो ने फिर किया कमाल, रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग



नई दिल्ली ,। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल–एलईएक्स–03 ह्यपुष्पकह्न की लगातर तीसरी बार सफल लैंडिंग कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल को लैंड कराने में सफलता हासिल करने के बाद अब इसरो के लिए ह्यपुष्पकह्न का ऑर्बिटल री–एंट्री टेस्ट करने का रास्ता साफ हो गया है। इसरो ने रविवार को एक बयान में कहा कि ह्यपुष्पकह्न ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत स्वायत्त क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक सटीक होरिजेंटल लैंडिंग को अंजाम दिया। यह परीक्षण बेंगलुरु से लगभग 220 किमी दूर चित्रदुर्ग जिले के चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में आयोजित किया गया था। पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। दूसरे एक्सपेरिमेंट के दौरान पुष्पक को 150 मीटर की क्रॉस रेंज से छोड़ा गया था। इस बार क्रॉस रेंज बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया गया था। जब पुष्पक को हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया था, उस वक्त उसकी लैंडिंग वेलोसिटी 320 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी। ब्रेक पैराशूट की मदद से टचडाउन के लिए इसकी विलोसिटी को घटाकर 100 किमी प्रतिघंटा तक लाया गया।

आरएलवी प्रोजेक्ट इसरो का एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है, जो अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति की भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक तकनीक उपलब्ध कराता है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल से इसरो को स्पेस में लो–कॉस्ट एक्सेस मिलेगा यानी स्पेस में ट्रैवल करना सस्ता हो जाएगा। इस सैटेलाइट से प्रोजेक्ट लॉन्चिंग सस्ती होगी, क्योंकि इसे दोबारा प्रयोग में लाया जा सकेगा।

पृथ्वी की कक्षा में घूम रही किसी सैटेलाइट में अगर खराबी आती है तो इस लॉन्च व्हीकल की मदद से उसको नष्ट करने की बजाय रिपेयर किया जा सकेगा। इसके अलावा जीरो ग्रैविटी में बायोलॉजी और फार्मा से जुड़े रिसर्च करना आसान हो जाएगा। पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था।

### केनरा बैंक का सोशल मीडिया अकाउंट हुआ हैक

नई दिल्ली , देश के बड़े सरकारी बैंकों में से एक केनरा बैंक का सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म एक्स पर मौजूद अकाउंट हैक हो गया है। हैकर की ओर से बैंक के सोशल मीडिया अकाउंट का यूजरनेम बदलकर ईथरडॉटफी कर दिया गया है। फिलहाल बैंक द्वारा इसे लेकर कार्रवाई किया जाना बाकी है। हैक होने के बाद दोपहर 1.30 बजे तक अकाउंट पर किसी भी प्रकार का कोई नया पोस्ट नहीं किया गया। 17 जून की देर रात को इसी प्रकार का साइबर अटैक एक्सिस बैंक पर हुआ था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मौजूद एक्सिस बैंक सपोर्ट अकाउंट को हैक कर लिया गया था। इस दौरान हैकर की ओर अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को लेकर कुछ पोस्ट की गई थी। एक्सिस बैंक ने 18 जून की पोस्ट में लिखा था, हम एक्सिस बैंक सपोर्ट हैंडल के संभावित हैक को लेकर जांच कर रहे हैं। इसे जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश जारी है। कृपया इस दौरान हुई सभी पोस्ट की अनदेखी करें और किसी गैर अधिकृत लिंक पर क्लिक न करें। एक्सिस बैंक ने अगली पोस्ट में कहा था, बैंक इंटरनेट बैंकिंग और फोन बैंकिंग पासवर्ड, ओटीपी, पिन, ईमेल, फोन और अन्य किसी भी प्रकार की निजी जानकारी अपने ग्राहकों से नहीं मांगता है।

# सीबीआई करेगी नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच, केंद्र सरकार ने लिया बड़ा फैसला




नई दिल्ली ,शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 5 मई 2024 को ओएमआर मोड में एनईईटी (यूजी) परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है।

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 भी लागू किया है। सरकार का कहना है कि वह परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पेपर लीक में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल केंद्र सरकार ने शनिवार को स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनईईटी परीक्षा के संबंध में कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है।

नीट परीक्षा 5 मई को देश के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने इसमें भाग लिया था। परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परिणाम के तुरंत बाद प्रश्न पत्र लीक के आरोप लगाए गए, क्योंकि 67 से अधिक छात्रों ने अधिकतम अंक हासिल किए, जिनमें से कुछ एक ही परीक्षा केंद्रों से आए थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में बिहार में अनियमितताएं और पेपर लीक का पता चला, और कुछ उम्मीदवार भी सार्वजनिक रूप से आगे आए और दावा किया कि उन्हें परीक्षा की पूर्व संध्या पर प्रश्न पत्र मिले थे। आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और कई हाई कोर्टों के साथ–साथ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गईं।

# मुख्यमंत्री धामी मुंबई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पुरस्कार से हुए सम्मानित




देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दादर, वेस्ट मुंबई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं उत्तराखण्ड में सर्वप्रथम यू.सी.सी. लागू किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान समारोह' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपना पूरा जीवन भारत की एकता, अखंडता को समर्पित किया है। वह एक अच्छे विचारक थे। उन्होंने भारतीय जन संघ के रूप में जो बीज बोया वह आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने है। उनका जीवन हमें देश सेवा में समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने हमेशा समानता, एकता, न्याय का समर्थन किया, उन्होंने देश को एक विधान, एक प्रधान और एक निशान का मंत्र दिया। अपने विचारों से एक शक्तिशाली समृद्ध भारत के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, वीर सावरकर और डॉ मुखर्जी को एक साथ स्मरण करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कार्यक्रम हेतु आयोजकों का भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के सपनों को आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा होते सभी देशवासी देख रहे हैं। आज देश में समान नागरिक अधिकार पर कार्य हो रहा है, देश की आज़ादी के बाद अब जाकर कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया गया हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार ने भी डॉ. मुखर्जी जी के सपनों को साकार करते हुए संविधान के अनुसार समान नागरिक संहिता विधेयक पारित कर महामहिम राष्ट्रपति जी की मंजूरी ले ली है।

### जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में अभियान के दौरान एक आतंकवादी का शव बरामद

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में जारी घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान रविवार को सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी का शव बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया, आज (रविवार को) एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया, जबकि दूसरे मृत आतंकवादी की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि इलाके में अभी भी ऑपरेशन चल रहा है। इससे पहले, शनिवार को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को दोनों आतंकवादियों के शव बरामद नहीं किए जा सके, क्योंकि वे नियंत्रण रेखा के करीब पड़े थे।

# गाजा में इजरायली हमलों में 42 फिलिस्तानियों की मौत

गाजा , गाजा शहर के दो अलग–अलग इलाकों में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 42 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने इजरायली युद्धक विमानों ने अल–शती शरणार्थी शिविर पर हमला किया जिसमें लगभग 18 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढऩे की संभावना है। नागरिक सुरक्षा दल अभी भी शव और घायलों को मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। शिविर खंडहर में बदल गया है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों के अल–शती शरणार्थी शिविर पर हमले में सात घर नष्ट हो गए। हमास ने एक प्रेस बयान में कहा कि एक अन्य घटना में शनिवार को गाजा शहर के उत्तर–पूर्व में अल–तुफ्फाह में घरों पर इजरायली हवाई हमलों के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि उसके युद्धक विमानों ने गाजा शहर में हमास के दो सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया। इजरायली सेना ने गाजा में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर राएद साद को निशाना बनाया। अभी तक, उसकी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

हमास के संचालन के प्रमुख के रूप में पहचाने जाने वाले साद के बारे में माना जाता है कि वह मार्च में इजरायली छापे के दौरान गाजा शहर के अल–शिफा अस्पताल में था, लेकिन उस समय वह वहां नहीं मिला। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा कि गुरुवार तक इजरायली सैन्य अभियानों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढक़र 37,431 हो गई है, जबकि 85,653 अन्य घायल हुए हैं।

# 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र आज से, नए सदस्य लेंगे शपथ



नई दिल्ली ,18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। वहीं लोकसभा स्पीकर के पद के लिए चुनाव भी होंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अप्रैल–जून में हुए लोकसभा चुनाव बाद यह पहला लोकसभा सत्र होगा। 18वीं लोकसभा में एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। पीएम मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग–अलग राज्यों के सांसद एल्फाबेटिकल ऑर्डर में शपथ लेंगे यानी असम के सांसदों का क्रम सबसे पहले आएगा वहीं पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे। सोमवार को मंत्रिपरिषद समेत 280 नवनिर्वाचित सांसद ही शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन (25 जून) 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे।

**प्रोटेम स्पीकर के पद पर विवाद**

सत्र के पहले दिन ही बीजेपी नेता और सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद हो सकता है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है।

### एनटीए ने आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए गठित की उच्च स्तरीय समिति

नई दिल्ली ,। नीट (यूजी) परीक्षा 2024 में कदाचार और गड़बडिय़ों के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में शनिवार को एक समिति गठित की।

समिति में उनके अलावा अन्य सदस्य एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.जे. राव, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर एमिरिटस राममूर्ति के., पीपुल स्ट्रांग के सह संस्थापक पंकज बंसल और आईआईटी दिल्ली के डीन (छात्र मामले) प्रो. आदित्य मित्तल को शामिल किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन तीसरे दिन भी जारी, कहा हरियाणा से नहीं आ रहा पानी



नई दिल्ली ,दिल्ली में बीते सप्ताह पेयजल का संकट और बढ़ गया। यहां राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल के उत्पादन में सामान्य दिनों के मुकाबले 100 एमजीडी से भी अधिक की गिरावट आई है। इस बीच राज्य के लिए पानी की मांग कर रही दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

आतिशी ने आज कहा कि हरियाणा के हथिनी कुंड में पानी भरा हुआ है लेकिन वहां की सरकार ने दिल्ली के लिए पानी छोडऩे वाले गेट बंद कर दिए हैं। दिल्ली के हक के पानी पर हरियाणा सरकार ने ताला लगाया है।

आतिशी का कहना है कि जब तक दिल्ली की जनता को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता तब तक उनका ह्यपानी सत्याग्रहह्न जारी रहेगा।

दूसरी ओर, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के पेयजल उत्पादन में अब 117 एमजीडी पानी की कमी आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आतिशी के अनशन पर बैठने के बाद हरियाणा ने और अधिक पानी रोकना शुरू कर दिया है। इससे प्रतिदिन करीब 17 एमजीडी पानी की अतिरिक्त कमी हुई है।

सौरभ भारद्वाज का कहना है कि एक एमजीडी पानी से करीब 28,500 लोगों की पानी की जरूरत पूरी होती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पहले 100 एमजीडी पानी की कमी थी। अब 117 एमजीडी पानी की कमी हो गई है। अतिरिक्त 17 एमजीडी पानी दिल्ली के करीब 4.85 लाख लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

## संपादकीय

# संविधानिक ढांचे और लोकतंत्र को चुनौती

वे माओवादी हिंसा को दरकिनार करके इसे गरीब आदिवासियों का विद्रोह कहती हैं। करीब डेढ़ दशक पहले उन्होंने रेड कॉरिडोर के केंद्र माने जाने वाले बस्तर की गुपचुप यात्रा की और दंडकारण्य में माओवादियों के साथ काफी वक्त बिताया। वे माओवादियों को भाई, साथी या कॉमरेड कह कर लाल सलाम कहने में फख्र महसूस किया करती थीं। उन्हें संविधान और लोकतंत्र आदिवासियों की खिलाफत का अस्त्र नजर आता है। 1997 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधती रॉय अपनी किताब वॉकिंग विद द कॉमरेड्स में लिखती हैं–भारतीय संविधान, जो भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है, संसद द्वारा 1950 में लागू किया गया। यह जनजातियों और वनवासियों के लिए दुःख भरा दिन था। संविधान में उपनिवेशवादी नीति का अनुमोदन किया गया और राज्य को जनजातियों की आवास भूमि का संरक्षक बना दिया गया। मतदान के अधिकार के बदले में संविधान ने उनसे आजीविका और सम्मान के अधिकार छीन लिए। अरुंधती अपनी इस किताब में माओवादियों को आंतरिक सुरक्षा का खतरा बताए जाने का मखौल उड़ाती हैं। भारत की यह ख्यात लेखिका मानवाधिकार के मुद्दों पर सरकार पर हमले करने से परहेज नहीं करतीं। अरुंधती कश्मीर में तैनात फौज को जनता की दुश्मन बताती हैं। उन्हें संसद पर हमले के प्रमुख आरोपी अफजल गुरु से हमदर्दी रही। अपने ब्लॉग में वह भारत की पूरी न्याय प्रक्रिया पर कटाक्ष करते हुए कहती हैं–ह्यलेकिन अब जब अफजल गुरु को फांसी दे दी गई है, तो मुझे उम्मीद है कि हमारी सामूहिक अंतरात्मा संतुष्ट हो गई होगी। या फिर हमारे खून का प्याला अभी भी आधा ही भरा है? 2010 में राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजानिक रूप से कहा–कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा कर लिया था। कश्मीर की पृथकतावादी ताकतों के लिए अरुंधती पसंदीदा चेहरा हैं, और उनके विचारों को वे भारत के बौद्धिक वर्ग की आवाज कह कर दुनिया भर में प्रचारित करते हैं। 2010 में दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया था। उन पर भारत विरोधी भाषण देने और कश्मीरी अलगाववाद का समर्थन करने का आरोप लगाया गया। अब अरुंधती रॉय के खिलाफ गैर–कानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मुकदमा चलेगा। अरुंधती अच्छी लेखिका हैं, और उन्हें पसंद करने वाले देश–विदेश के कई लोग हैं, जिन्हें लगता है कि अरुंधती पर मुकदमा कायम करना,अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोकने जैसा है। 2023 के फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में सलमान रुश्दी ने अरुंधति पर मुकदमा चलाने के कदमों की आलोचना करते हुए कहा था–ह्यवह भारत की महान लेखिकाओं में से एक हैं, और बहुत ईमानदार और जुनूनी इंसान हैं। उन मूल्यों को व्यक्त करने के लिए उन्हें अदालत में लाने का विचार शर्मनाक है।ह्ल भारत की विविधता और जटिलता में बहुत सारे विरोधाभास हैं, और इसे स्वीकार भी किया जाना चाहिए। अरुंधती ने अपनी लेखनी और आंदोलनों में हिस्सा लेकर इन्हें समाज के सामने लाने में महती भूमिका निभाई है। आजादी और स्वतंत्रता की पक्षधर इस लेखिका को 45वें यूरोपीय निबंध पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। अरुंधती भारतीय लेखिका के रूप में देश–विदेश में आमंत्रित की जाती हैं, लेकिन वे अक्सर भारत की छवि को निरंकुशता के करीब ले आती हैं। अरुंधती गरीब आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान को शोषण के अस्त्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए दिखाई पड़ती हैं। संविधान का अवलोकन करें तो उनके दावों से उलट आदिवासियों की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए कई उपबंध शामिल किए गए हैं। अनुच्छेद 15(4) अनुसूचित जनजातियों की शैक्षिक उन्नति के लिए विशेष प्रावधान सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 46, राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और उन्हें सामाजिक अन्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 350 विशिष्ट भाषाओं, लिपियों या संस्कृतियों के संरक्षण के अधिकारों का प्रावधान करता है।

# साधारण श्रेणी में कोई सुविधा नहीं

**देश की जीवन रेखा माने जाने वाली भारतीय रेल हर ख़ास–ओ–आम आदमी के लिए देश के किसी भी कोने से दूसरे कोने तक यात्रा करने का सस्ता और भरोसेमंद साधन है। हर यात्री को इस बात का भरोसा होता था कि देर–सेवर वो अपने गंतव्य तक पहुँच ही जाएगा। ज्यों–ज्यों देश की आबादी बढ़ी सरकार ने रेल यात्रा में उचित सुधार भी किए। आज भारत में रेलवे की कुल लंबाई 1,15,000 किलोमीटर है। भारतीय रेल रोजाना करीब 2 करोड़ 31 लाख यात्रियों और 33 लाख टन माल को ढोती है। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। भारतीय रेल के कार्यचालन के विभिन्न पहलुओं की देखभाल करने के लिए इसने 11 सरकारी क्षेत्र के उपक्रम भी है। भारत जैसे देश के लिए इतने बड़े स्तर पर यात्रा का साधन मुहैया कराने वाली भारतीय रेल पर देश को गर्व है। परंतु हर सिक्के के दो पहलू होते हैं।**

**रजनीश कपूर**

आँकड़ों के अनुसार 2014 से 31 मार्च 2023 तक 1117 रेल हादसे हो चुके हैं।ज्आम जनता जो कि साधारण श्रेणी में यात्रा करती है उसके लिये कोई भी नई सुविधा नहीं दी गई है। आबादी के बढने् पर आम जनता के लिए आम श्रेणी की गाडियों में भी बढ़ौतरी की जानी चाहिए थी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। आँकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में 2.70 करोड़ यात्री टिकट होने के बावजूद रेल में यात्रा नहीं कर पाए, क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया। इसी का नतीजा है कि ट्रेन में सफ़र करने वाले लोग ट्रेन की क्षमता से ज़्यादा पाए जाते हैं।

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने कभी ना कभी रेल यात्रा न की हो। रेलवे स्टेशन पर सुनाई देने वाली घोषणा की शुरुआत ह्ययात्रीगण कृपया ध्यान देंह्ल से ही होती है। इसका उद्देश्य सभी मौजूद यात्रियों का ध्यान आकर्षित करना होता है। यह तो हुई एक साधारण बात। परंतु बीते कुछ वर्षों में हो रहे रेल हादसों के बाद से अब इस घोषणा का सीधा सम्बंध भारतीय रेल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े मंत्रियों और अफ़सरों से है। बढ़ते हुए रेल हादसों के चलते अब भी अगर संबंधित मंत्री और अधिकारी नहीं जागेंगे तो कब जागेंगे?

देश की जीवन रेखा माने जाने वाली भारतीय रेल हर ख़ास–ओ–आम आदमी के लिए देश के किसी भी कोने से दूसरे कोने तक यात्रा करने का सस्ता और भरोसेमंद साधन है। हर यात्री को इस बात का भरोसा होता था कि देर–सेवर वो अपने गंतव्य तक पहुँच ही जाएगा। ज्यों–ज्यों देश की आबादी बढ़ी सरकार ने रेल यात्रा में उचित सुधार भी किए।

आज भारत में रेलवे की कुल लंबाई 1,15,000 किलोमीटर है। भारतीय रेल रोजाना करीब 2 करोड़ 31 लाख यात्रियों और 33 लाख टन माल को ढोती है। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। भारतीय रेल के कार्यचालन के विभिन्न पहलुओं की देखभाल करने के लिए इसने 11 सरकारी क्षेत्र के उपक्रम भी है। भारत जैसे देश के लिए इतने बड़े स्तर पर यात्रा का साधन मुहैया कराने वाली भारतीय रेल पर देश को गर्व है। परंतु हर सिक्के के दो पहलू होते हैं।

बीते कुछ वर्षों में रेल मंत्रालय द्वारा कई ट्रेनों में जो बदलाव किए गए हैं वह एक ओर जहां यात्रियों द्वारा बधाई प्राप्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पूरे सिस्टम में फैली अव्यवस्था को लेकर भारी विरोध भी झेल रहे हैं। यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से रेल मंत्रालय ने अनेकों आधुनिक गाडियाँ भी चलाईं। जैसे–जैसे रेल यात्रा में सुविधा बढ़ी वैसे–वैसे किराये में भी वृद्धि हुई।

उल्लेखनीय है कि जिस कदर रेल के किरायों में वृद्धि हुई है उसमें यात्रा केवल वही लोग कर पा रहे हैं जो उस बढ़े हुए किराए का वहन कर सकते हैं। आम जनता जो कि साधारण श्रेणी में यात्रा करती है उसके लिये कोई भी नई सुविधा नहीं दी गई है। आबादी के बढने् पर आम जनता के लिए आम श्रेणी की गाडियों में भी बढ़ौतरी की जानी चाहिए थी, परंतु ऐसा नहीं हुआ।

आँकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में 2.70 करोड़ यात्री टिकट होने के बावजूद रेल में यात्रा नहीं कर पाए, क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया। इसी का नतीजा हुआ कि आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि ट्रेन में सफ़र करने वाले लोग ट्रेन की क्षमता से ज़्यादा पाए जाते हैं। इससे आरक्षित टिकट प्राप्त कर यात्रा करने वालों को काफ़ी असुविधा का सामना करना पड़ता है। क्या रेल मंत्रालय के अधिकारियों इस बात की जानकारी नहीं थी कि देश में बढ़ती हुई आबादी के चलते आवागमन में भी वृद्धि होगी? क्या जिन यात्रियों की टिकट कन्फर्म नहीं हुई और उन्हें उनके किराए की राशि वापिस की गई, इसकी संख्या में होती वृद्धि पर किसी का ध्यान नहीं गया? क्या जिन साधारण श्रेणी के डिब्बों को उच्च श्रेणी में तब्दील किया जाना उचित था? क्या उच्च श्रेणी की आधुनिक ट्रेनों को चलाने के लिए साधारण श्रेणी की ट्रेनों को रद्द करना उचित था? यदि समय रहते सही निर्णय लिया गया होता तो रेल में भीड़ के चिन्ताजनक दृश्य सामने नहीं आते।

एक ओर जहां किसी नई और आधुनिक रेल के उद्घाटन के समय जिस कदर मंत्री और अफ़सर श्रेय लेने के लिए आगे आते हैं, वह रेल में हो रही लापरवाहियों का ज़िम्मा लेने से बचते नज़र आते हैं। आँकड़ों के अनुसार 2014 से 31 मार्च 2023 तक 1117 रेल हादसे हो चुके हैं। इनमें सैंकड़ों लोगों की जानें गई, हज़ारों की तादाद में लोग घायल हुए और करोड़ों की संपत्ति का भी नुक़सान हुआ। परंतु इन हादसों से कोई सबक़ नहीं लिया गया। ग़ौरतलब है कि पिछले साल जून 2023 में देश में एक भीषण रेल हादसा बालासोर में हुआ था जहां लगभग 300 लोगों की जान गई और क़रीब 900 घायल हुए।

इसके बाद इसी सप्ताह पश्चिम बंगाल में एक ओर रेल हादसा हुआ जिसने रेल सुरक्षा की पोल खोल कर रख दी। यहाँ एक तथ्य का उल्लेख करना आवश्यक होगा कि सीएजी की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष में 20 हज़ार करोड़ रुपये आने थे। जिसमें 15 हज़ार करोड़ केंद्र सरकार द्वारा दिये जाते और 5 हज़ार करोड़ रेल मंत्रालय देता। परंतु चार साल बाद मात्र 4225 करोड़ ही आए और इन्हें भी ग़ैर ज़रूरी मदों पर खर्च किया गया रेलवे सुरक्षा पर नहीं।

सोचने वाली बात यह है कि अधिकतर दुर्घटनाओं में मानवीय त्रुटि बताई जाती है। यानी ट्रेन चलाने वाले या रेल की पटरियों और रेल ट्रैफिक़ को संचालित करने वाले, दुर्घटना के ज़िम्मेदार होते हैं।

रेल मंत्री द्वारा संसद में दिये गये उत्तर के मुताबिक़ रेलवे में 3.12 लाख रिक्त पद पड़े हैं। ग़ौरतलब हैं कि ट्रेन चलाने वाले लोकोपायलट के 70093 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 21 प्रतिशत पद ख़ाली पड़े हैं। इसी के चलते मौजूदा लोकोपायलटों को लंबे समय तक ड्यूटी पर रहना पड़ता है। थकान और नींद के चलते ऐसे हादसे होना स्वाभाविक है।

परंतु क्या देश में बढ़ती बेरोजग़ारी के चलते सरकार को इस ओर ध्यान नहीं देना चाहिए था? विपक्ष द्वारा बार–बार यह सवाल उठाया जा रहा है कि एक के बाद एक हादसे होने के बावजूद किसी भी तरह की नैतिक ज़िम्मेदारी लेने से बचने वाले रेल मंत्री का अपनी कुर्सी पर बने रहना कहाँ तक उचित है? क्या मंत्री जी इस बात पर ध्यान देंगे?

## दोषारोपण के बजाए जिम्मेदाराना रवैया अपनाना होगा

पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से मालगाड़ी के टक्कर मार देने की घटना वाकई तकलीफदेह है। इस हादसे में रेलवे के अनुसार नौ लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं।

हालांकि अंदाजा है कि जितनी मौतें बताई जा रही हैं, इससे कहीं ज्यादा लोग मारे गए हैं। हादसे में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। तीन बोगियां पटरी से ही उतर गई और कई हवा में लहरा गई। यह टक्कर बहुत जोरदार थी। कहा जा रहा है कि ऑटोमैटिक सिग्नल खराब होने के कारण कंचनजंगा एक्सप्रेस दो स्टेशनों के बीच रुकी रही। रेलवे का कहाना है कि मालगाड़ी का चालक तय मानक गति से ज्यादा स्पीड पर ट्रेन चला रहा था। उसने सिग्नल की अनदेखी की, जबकि नियमानुसार उसे खराब सिग्नलों को तेजी से नहीं पार करना था। साथ ही हर खराब सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन को रोका जाना चाहिए और दस किलोमीटर की रफ्तार से ही आगे बढना चाहिए। हालांकि उस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस पर रेल संगठन द्वारा आपत्ति भी जताई गई कि जांच के बगैर चालक को हादसे का जिम्मेदार ठहराना अनुचित है। हादसे के बाद रेलवे द्वारा तैयार ट्रेन से जुड़े हादसों को रोकने के लिए कवच सिस्टम की याद आई है, जिससे एक ही ट्रैक पर ट्रेनों की टक्कर से बचा जा सकता है। यह अत्याधुनिक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटक्शन सिस्टम है। ओडिशा के बालासोर में हुए हादसे के बाद इस कवच सिस्टम को लागू करने की बातें खूब की गई थीं। हैरत है, इतना वक्त बीतने के बाद भी उसे केवल साउथ सेंट्रल रेलवे के कुछ रूट में ही लगाया जा सका है। इसे सीधे तौर पर सरकारी तंत्र की लापरवाही ही माना जाएगा।

## शहर की जीवन रेखा

**नितिनमोहन शर्मा**

बरसो बाद इंदौर को महसूस हुआ कि उसकी आवाज़ भी हैं। ये शहर, अपनी आवाज बनने के लिए जिन्हें चुनता आया, वे सब बीते कई सालों से "मूकबधिर" हो चले थे। जनहित से जुड़ा बड़ा से बड़ा मुद्दा हो जाये लेकिन मजाल है कि सत्तारूढ़ दल का कोई बड़ा नेता मुंह खोल दे। बीच शहर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट हो या फिर शहर को शर्मसार करने वाला नाईट लाइफ का जबरिया फैसला...चुनै हुए नेताओ ने सब सिर झुकाकर मंजूर कर लिया। शहर के नेतृव की मूकबधिरता है कि जाने का नाम ही नही ले रही। हालिया मामला शहर के फार्म हाउस पर बढ़ती ड्रग वाली रेव पार्टियों का हैं। एक भी नेता की आवाज सुनी आपने? लेकिन सोमवार को शहर में एक आवाज गुंजी, शहरहित में कि मेट्रो के लिए इंदौर को सजा नही देने देंगे। ये आवाज़ सत्ता के गलियारों से अब तक दूर थी। जैसे ही वह सत्ता के केंद्र में आई, जैसे इंदौर व इंदोरियो की आवाज़ लौट आईं। कल इसी आवाज ने मेट्रो के उस भूत को फिर से झाड़ पर टांग दिया जो शहर की जीवन रेखा एमजी रोड पर साल–दो साल से मंडरा रहा था। मेट्रो का ये भूत उतारा प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री व पीवर इन्दौरी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने।*

सालो साल बाद शहर के हितों को लेकर इस तरह का नेतृत्व नजर आया, जिसने इंदौर की चिंता की। अन्यथा शहर अब इस बात का आदि हो चला था कि जो भोपाल तय कर दे, अफसर मंजूर कर ले, वो ही सही। इंदौर को बस मूकदर्शक बनकर देखते रहना हैं। यहां का नेतृव " मूक बधिर" बना हुआ आमजन के साथ मूकदर्शक बना बैठा रहने का आदि हो चला। जनता जरूर विरोध में आवाज मुखर करती रही लेकिन उनकी सुनवाई भी कहा हुई? ये मेट्रो को लेकर सोमवार को जो बाते हुई, वह तो मेट्रो की आमद के साथ ही शहर की फिजाओं में गूंज रही थी। लेकिन सुनवाई कहां हुई? अफसरों ने भोपाल के इशारे पर जो तय कर दिया, उसे अमलीजामा पहनाने की ज़िद ये शहर देख ही रहा था। मेट्रो में भी यही हुआ। जनता चीखती रही कि मेट्रो का रूट जरा सोच समझकर तय करे लेकिन " ट्रायल रन" पर आमादा अफसर बिरादरी के कान पर जू तक न रेंगी। लेकिन निज़ाम बदला, नेतृव बदला तो शहर की आवाज़ बुलंद हुई। ये कर दिखाया शहर के ही नेता और प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने। उन्होंने मेट्रो के मामले में शहर की चिंताओं में अपना स्वर शामिल किया और एक पालक की तरह मेट्रो को लेकर इंदौर की चिंताओं को हर लिया।

विजयवर्गीय ने मेट्रो को लेकर दो टूक कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए इंदौर को सजा नही दे सकते। मेट्रो में देरी चलेगी, करोड़ो का नुकसान मंजूर है लेकिन शहर का अहित नही होने देंगे। विजयवर्गीय की इस खरी खरी ने उन सभी पक्षो को राहत दी जो मेट्रो के बीच शहर से गुजरने के विरोध में थे। इसमे एमजी रोड के रहवासी–व्यापारियों के साथ जन संगठन व जनप्रतिनिधि भी शामिल है। राहत की सांस पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने भी ली। वे शहर की ऐसी पहली जनप्रतिनिधि रही जिन्होंने मेट्रो के बीच शहर से गुजरने पर आपत्ति दर्ज करवाई थी। तब विजयवर्गीय की याद शहर को आई थी। वे शहर के मुद्दे पर शहर के साथ खड़े होते है। लेकिन वे उस वक्त सत्ता के गलियारों से दूर संगठन के दायित्व संभाल रहे थे। लेकिन इंदौर के जो चुने हुए जनप्रतिनिधि थे, वे भोपाल व भोपाल की पसन्द के अफसरों की हा में हा मिला रहे थे। लेकिन शहर के साथ जन जन से जुड़े मुद्दे पर मोन थे। बोली तो सिर्फ घर पर बैठी हम सबकी ताई यानी सुमित्रा महाजन। उन्होंने एमजी रोड जैसे क्षेत्र से मेट्रो ले जाने का विरोध किया लेकिन उनकी बात को भी उस वक्त एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल दिया गया। लेकिन सोमवार को ऐसा नही हुआ। मंत्री की बैठक में वे विजयवर्गीय के विशेष बुलावे मौजूद थी।*

## मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान

हाल के वर्षों में अवसाद, चिंता और तनाव से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में अधिक चर्चा भी होने लगी है तथा समाधान के लिए संसाधनों में भी वृद्धि हुई है। लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज की गलत अवधारणा तथा व्यक्तिगत हिचक जैसी बाधाएं अभी भी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि लगभग 40 प्रतिशत पुरुष ऐसी समस्याओं के बारे में खुलकर बातचीत नहीं करते। ऐसी स्थिति में वे चिकित्सकीय या मनोवैज्ञानिक परामर्श और मदद लेने में भी हिचकिचाते हैं। उन्हें लगता है कि लोग उनके संबंध में अनुचित राय बना सकते हैं। यह सामाजिक भय मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को गंभीर बनाता जा रहा है। इसके अलावा, पुरुषों का यह सोच भी एक कारण है कि पुरुष को अपनी भावनात्मक स्थिति से स्वयं ही निपटना चाहिए तथा अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त नहीं करना चाहिए।

अध्ययनों में पाया गया है कि अवसादग्रस्त पुरुष के व्यवहार में आक्रामकता एवं गुस्सा अधिक होता है, जबकि स्त्रियों में उदासी या दुख की प्रवृत्ति अधिक होती है। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा के मामले में स्त्रियों की उपेक्षा भी एक समस्या है। उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी कम ध्यान दिया जाता है। ऐसे में स्वाभाविक है कि उनके मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को भी अनदेखा कर दिया जाता है। इस स्थिति का परिणाम यह है कि आत्महत्या या आत्महत्या के प्रयासों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। भारत उन देशों में है, जहां आत्महत्या से मौतें सबसे अधिक होती हैं। समस्या की गंभीरता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि हर पांच में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहा है। आत्महत्या दर की बात करें, तो यह हर एक लाख लोगों में 10। 9 है। समाधान के क्रम में सबसे महत्वपूर्ण है जागरूकता अभियान। हमें यह समझना होगा कि जिस प्रकार किसी बीमारी या शारीरिक समस्या की स्थिति में हम चिकित्सक के पास जाते हैं, उसी प्रकार मानसिक समस्या होने पर हमें मनोचिकित्सक या मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता से संपर्क करना चाहिए।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या की पकड़ बरकरार, 65 करोड़ का आंकड़ा किया पार

मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारों की उम्दा अदाकारी से सजी फिल्म मुंज्या को 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस और दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है।महज 13 दिन में मुंज्या ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 65 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।आइए जानते हैं 13वें दिन फिल्म के खाते में कितने करोड़ रुपये आए।



बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक ह्यमुंज्याह्ल की कमाई की बात करें तो फिल्म ने 4 करोड़ से खाता खोला था और इसके पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.3 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है और इसने दूसरे शुक्रवार 3.5 करोड़, दूसरे शनिवार 6.5 करोड़, दूसरे रविवार 8.5 करोड़, दूसरे सोमवार 5.25 करोड़ और दूसरे मंगलवार 3.4 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब ह्यमुंज्याह्लकी कमाई के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मुंज्या ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार 2.85 करोड की कमाई की है. इसी के साथ ह्यमुंज्याह्ल का 13 दिनों का कुल कलेक्शन अब 65.30 करोड़ रुपये हो गया है.

मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। हॉरर के साथ कॉमेडी के तडक़े से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। रूही और स्त्री के बाद यह दिनेश की तीसरी हॉरर–कॉमेडी फिल्म है। मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर बेहद सक्सेफुल साबित हुई है. फिल्म की कमाई की रफ्तार थमने का नाम नही ले रही है. मुंज्या ने रिलीज के महज 13 दिनों में 65 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया है. अब कामयाबी के रथ पर सवार ये फिल्म 100 करोड़ के क्लब में एंट्री करने की ओर तेजी से बढ़ रही है.

## शॉर्ट ड्रेस पहन अनन्या पांडे ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, फोटोज देख फैंस हुए मदहोश

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों मे वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान समर लुक शेयर किया है, जिसमें उनका कूल लुक फैंस के बीच कहर ढा रहा है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट समर लुक फैंस के बीचकाफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढक़र एक किलर लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अनन्या पांडे जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। फैंस भी उनकी फोटोज की तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस की इन फोटोज पर भी लोग कॉमेंट्स करते हुए हॉट, ब्यूटिफुल, अमेजिंग, सो ग्लैमरस, बेहद खूबसूरत, एलिगेंट लुक लिख रहे हैं।

# अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर, सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

किंग्सटाउन ,अफगानिस्तान से टी 20 विश्वकप में यहां बड़ा उलटफेर करते हुए सुपर8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हरा दिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जारदान की शतकीय ओपनिंग साझेदारी के दम पर 20 ओवर 148/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने के बाद अफगानिस्तान ने सधी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 127 रन पर समेट कर मैच अपने नाम कर लिया। गुलबदीन नायब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। नवीन–उल–हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल (59) को छोडक़र कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। मैक्सवेल ने 41 गेंदों की अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाये। टॉस



जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के बाद 149 रन के आसान से दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर ट्रेविस हेड के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। नवीन–उल–हक की गेंद उनका मिडिल स्टंप ले उड़ी। हक ने मैच के तीसरे ओवर में मिशेल मार्श (12) को धीमी गेंद पर मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 16 रन था। छठे ओवर की पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर मोहम्मद नबी का शिकार बने। इसके बाद मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस (11) के बीच 39 रन की साझेदारी हुई। नायब ने 11वें ओवर में 71 के स्कोर पर स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। और कोई बल्लेबाज मैक्सवेल का साथ नहीं दे सका। 106 के स्कोर पर नायब ने मैक्सवेल को नूर अहमद के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

# जिगरा के रिलीज डेट से उठा पर्दा, खुद आलिया भट्ट ने फिल्म के पोस्टर को साझा कर किया तारीख का ऐलान

आलिया भट्ट के दीवानों के लिए खुशखबरी आ रही है। इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म जिगरा की रिलीज डेट सामने आ गई है। खुद अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से इस फिल्म के पोस्टर को अपने फैंस के संग साझा करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आने वाली हैं। साल 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्म जिगरा की रिलीज डेट सामने आ गई है। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से फिल्म के पोस्टर को साझा करते



हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। सोशल मीडिया पर आलिया का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। उनके फैंस लगातार उनके इस पोस्ट कर कमेंट कर रहे हैं।

आलिया भट्ट के लिए फिल्म जिगरा काफी खास होने वाली है। इस फिल्म में वे अभिनेत्री होने के अलावा को–प्रोड्यूसर भी हैं। आलिया ने साल 2023 में इस फिल्म की घोषणा की थी। जिगरा में उनके साथ वेदांग रैना भी नजर आने वाले हैं।

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा के पोस्टर में आलिया का एक एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है। पोस्टर में एक लडक़ी पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही है।

## आईएल टी20 सत्र 3 के लिए रसेल, नारायण, वार्नर सहित 69 खिलाड़ी रिटेन

दुबई , आईएल टी 20 के तीसरे सत्र से पहले 69 खिलाडिय़ों को उनकी संबंधित टीमों ने रिटेन किया है जिसमें आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, निकोलस पूरन, डेविड वार्नर और मोहम्मद आमिर शामिल हैं।

टूर्नामेंट का तीसरा सत्र 11 जनवरी 2025 से शुरू होगा और नौ फरवरी तक अबू धाबी, दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। रिटेन किये जाने वाले खिलाडिय़ों के लिए विंडो एक जून को खुली थी और टीमों को रिटेन किये जाने वाले खिलाडिय़ों की सूची जमा कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया था।

## पैट कमिंस ने रचा इतिहास, टी20 वर्ल्ड कप में ली दूसरी हैट्रिक

नई दिल्ली , टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में हैट्रिक लेते तो आपने कई गेंदबाजों को देखा है. लेकिन, बैक टू बैक हैट्रिक लेने वाले पैट कमिंस इकलौते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर–8 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले पहले मैच में हैट्रिक लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस ने अब अफगानिस्तान के खिलाफ भी अपनी हैट्रिक पूरी की है। ये पैट कमिंस के ञ्20 करियर की दूसरी हैट्रिक होने के साथ टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास की 8वीं हैट्रिक भी है। पैट कमिंस के हैट्रिक लेने का तरीका भी दोनों मैचों में एक सा रहा। बांग्लादेश के खिलाफ भी उन्होंने दो ओवरों में अपनी हैट्रिक पूरी की थी और



अफगानिस्तान के खिलाफ भी वैसा ही देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ भी उन्होंने हैट्रिक लेने का जो काम 18वें ओवर में शुरू और 20वें ओवर में पूरा किया था। ठीक वैसे ही अफगानिस्तान के खिलाफ भी किया। यहां भी उन्होंने 18वें ओवर में हैट्रिक का जो का शुरू किया, उसे 20वें ओवर में जाकर फीनिश किया। हालांकि, पैट कमिंस के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ वाली हैट्रिक और भी ज्यादा खास इसलिए है क्योंकि ये उनके 150वें ञ्20 मैच में आई है। अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक लेने की शुरुआत पैट कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद से की थी। उनका पहला शिकार राशिद खान बने। इसके बाद 20वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने करीम जनत को डेविड वॉर्नर के हाथों कैच कराकर अपना दूसरा विकेट लिया।

## एक नजर

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः महान राष्ट्रवादी नेता और विचारक स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को भाजपाइयों ने उन्हें स्मरण किया। मौके पर सबने उनके विचारों पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी, उटिडा शक्ति केंद्र संयोजक रमेंद्र बिष्ट, शिक्षाविद रमेंद्र सिंह, इंटर कॉलेज नैनीडांडा के प्रबंधक रमन मधवाल, बिजेंद्र उनियाल, तनुजा रावत, राकेश मधवाल, वीपी सिंह आदि शामिल रहे।

### कांडई बाजार में शराब की दुकान बंद करने की मांग

चमोली। नन्दानगर घाट के शनिवार को कांडई पुल बाजार में शराब की दुकान खोले जाने का क्षेत्रीय जनता ने विरोध है। ग्राम सभा बनाला व खड़गोली की महिलाओं ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। महिला मंगल दल और क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कांडई पुल बाजार में शराब की दुकान खोले जाने पर आक्रोश जताते हुए कहा है कि यहां खोली गई शराब की दुकान शीघ्र बंद की जाय। बनाला खडगोली सहित क्षेत्र की जनता कांडई पुल बाजार में शराब के दुकान के विरोध में आन्दोलनरत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान खोलने के विभागीय निर्णय के विरोध में ग्रामीण पहले से ही आक्रोशित और असहमत हैं। उसके बावजूद भी आबकारी विभाग द्वारा छोटी दुकान खोली गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान खोलने से क्षेत्र और गांव का माहौल खराब हो रहा है। लोग नशे के आदि हो जाएंगे। महिला मंगल दल का कहना है कि यह ठेका ग्राम पंचायत बनाला व खड़गोली के मुख्य मार्ग पर खोला गया है। यहां से रोज स्कूली बच्चे ग्रामीण महिलाएं बाजार आती-जाती है। युवाओं और नई पीढ़ी पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। खड़गोली महिला मंगल दल की अंजना पुरोहित, शर्मीला देवी, उमा देवी, दर्शनी देवी, संगीता, मंजू, मोहन लाल, आशा, विनीता, बीना तिवारी, शान्ति देवी, शकुन्तला आदि महिलाओं और स्थानीय जनता ने शराब की दुकान को बंद किए जाने की मांग की है।

### बामणी के मतदाता 25 किमी दूर जाकर मतदान करेंगे

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव में मतदान के लिए बदरीनाथ के बामणी गांव के मतदाताओं को 25 किमी का सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचना होगा। 800 से अधिक मतदाताओं वाले पांडुकेश्वर के मतदाता ग्रीष्मकाल में बदरीनाथ के कपाट खुलने और बंद होने की अवधि तक बदरीनाथ के अपने बामणी गांव में रहते हैं। बदरीनाथ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलदेव मेहता का कहना है कि बामणी गांव के मतदाताओं को 25 किमी दूर पांडुकेश्वर के मतदेय स्थल पर जाना होगा।

बदरीनाथ में पूजा, व्यवसाय से जुड़े बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांव, नगरों के लोग भी हैं। जिनके मतदान केंद्र जोशीमठ, टंगणी, पाखी अलग अलग स्थानों पर हैं। उन्हें भी मतदान के लिए बदरीनाथ से अपने मतदान केंद्रों पर जाना पड़ेगा।

### फोटोग्राफी वेलफेयर सोसाइटी की हुई बैठक

श्रीनगर। श्रीनगर फोटोग्राफी वेलफेयर सोसायटी ने रविवार को संस्था से जुड़े लोगों की बैठक का आयोजन किया। बैठक में संस्था द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया गया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप, अस्पतालों में मरीजों की सेवा के लिए फल वितरण, बुक डोनेशन समेत अन्य सामाजिक कार्य किए जाएंगे। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया।

### मांग पर कार्रवाई न होने पर गुरिल्लाओं में रोष

श्रीनगर। गुरिल्ला संगठन के गढ़वाल क्षेत्र के प्रवक्ता अनिल भट्ट ने गुरिल्लाओं की मांग पर कार्रवाई न होने के चलते उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में शीघ्र बैठक बुलाए जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि 20 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और गुरिल्ला संगठन के पदाधिकारियों की वर्चुअल माध्यम से बैठक ली थी। बैठक में विभिन्न विभागों में गुरिल्लाओं के समायोजन हेतु विभागों को प्रस्ताव तैयार करने को कहा था। लेकिन विभागों से अभी तक किसी भी प्रकार का कोई उत्तर नहीं आया। कहा कि अगर सरकार जल्द से जल्द गुरिल्लाओं की मांगों पर कार्रवाई नहीं करती तो वे उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।

# बाबा के दर पर भक्तों का तांता, पुल तक लगी लंबी लाइन



श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन को लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालु

### रविवार को श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली बाबा से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि रविवार को बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगस हुआ था। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने घंटों लाइन में खड़े रहकर बाबा के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर परिसर से सिद्धबली पुल तक लंबी लाइन लगी हुई थी। मंदिर में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

रविवार को श्री सिद्धबली मंदिर दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। सुबह से भक्त बड़ी संख्या में मंदिर दर्शन को पहुंच रहे थे। देखते ही देखते दर्शन को लगी कतार मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप स्थित पुल तक पहुंच गई। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों को लाइन में व्यवस्थित तरीके से खड़ा करवाने के लिए पुलिस व समिति के सदस्यों ने खूब मेहनत की। लाइन में खड़े भक्त तेज धूप से बच सकें, इसके लिए प्रवेश द्वार पर टेंट भी लगाया गया है। हालांकि, साढ़े ग्यारह बजे कीब हल्की बूंदाबांदी ने धूप व गर्मी से काफी राहत दी। मंदिर में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था। अधिकांश भक्त अपने परिवार के साथ मंदिर में पहुंच रहे थे।

### बारिश से मिली राहत

भीषण गर्मी में भी भक्त बाबा के दर्शन को पहुंच रहे थे। ऐसे में सिद्धबली में लंबी लाइन में लगे भक्तों को उमस व गर्मी से जूझना पड़ रहा था। लेकिन, साढ़े ग्यारह बजे हुए बारिश से भक्तों को काफी राहत मिली। हालांकि कुछ ही आधे घंटे में बारिश बंद हो गई थी। लेकिन, पूरे दिन आसमान में बादल छाए हुए थे।



पूजन महोत्सव में भाग लेते ग्रामीण

# भंडारे के साथ संपन्न हुआ सिद्धबाबा पूजन महोत्सव

**जयनत प्रतिनिधि। कोटद्वारः** जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पाठियूं में आयोजित दो दिवसीय सिद्धबाबा पूजन महोत्सव भंडारे के साथ रविवार को समाप्त हो गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रवासी गांव पहुंचे। महोत्सव के प्रथम दिवस शनिवार को सर्वप्रथम बाबा की डोली का पूजन किया गया। तत्पश्चात डोली को ग्राम भ्रमण कराया गया। इस दौरान डोली ने लोगों को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस पर रविवार को प्रातः सिद्धबाबा का पूजन किया गया और दिन में भंडारे का आयोजन किया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में प्रवासियों के गांव पहुंचने से हर घर में रौनक नजर आई। इस दौरान गिरीश भारद्वाज, आशीष भारद्वाज, सौरभ भारद्वाज, गौरव भारद्वाज, जगदीश भारद्वाज, रघुवर दत्त भारद्वाज, सतेंद्र भारद्वाज और विकास भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शहर में वाल्मीकि मूर्ति स्थापना नहीं होने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः** शहर में वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने रविवार को बैठक का आयोजन किया। बैठक में अभी तक धारा रोड चौराहे के समीप वाल्मीकि मूर्ति स्थापना नहीं होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। रविवार को आयोजित बैठक में वाल्मीकि संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में कलक्ट्रेट के समीप धारा रोड चौराहे के पास वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर भूमि पूजन तक कर दिया गया था, लेकिन बीच में जिला प्रशासन द्वारा कार्य को रुकवा दिया गया और अभी तक प्रशासन द्वारा उस भूमि को ना तो हस्थानांतरित किया गया है और ना ही वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर कोई जगह वाल्मीकि समाज के लोगों को दी गई है। जिससे वाल्मीकि समाज के लोगों में रोष बना हुआ है। बैठक में निर्णय लिया गया कि वाल्मीकि मूर्ति स्थापना के संबंध में जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात की जाएगी। कहा कि यदि सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में बलराम बागवानी, नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण घागट, नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार, मंदिर समिति अध्यक्ष सोनू घागट, राजू रेडियान, विक्रम किशोर कुमार, दीपक गौड़ियाल, संजीव, बृजेश, सोनू घागट आदि शामिल रहे।

### पीएचसी पिलखी के उच्चीकरण को लेकर आंदोलन करेंगे लोग

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किए जाने को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने बैठक की। इस मौके पर लोगों ने पिलखी में संघर्ष समिति का गठन किया। घनसाली के स्थानीय शिव मंदिर परिसर में आयोजित संघर्ष समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को उच्चीकृत करने के लिए सभी स्तरों पर पैरवी किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय रीजनल पार्टी के अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल को अध्यक्ष तथा हीरामणि बिजल्वाण, बालकृष्ण नौटियाल तथा घनानंद गैरोला को संरक्षक, पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला को संयोजक, लोकेंद्र दत्त जोशी को सचिव, कृष्णा देवी को उपाध्यक्ष, अमरीश नौटियाल तथा जयप्रकाश कंसवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

# बलिदान दिवस पर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

### भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने संगठन व समाज हित में डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि देश हित में दिए गए मुखर्जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कहा कि जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो बेहतर भारत का सपना देखा था, आज केंद्र सरकार उस सपने को साकार करने का कार्य कर रही है। कश्मीर को भारत में शामिल करने के लिए डा.श्यामा प्रसाद ने अपने प्राणों का भी बलिदान दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर ने धारा 370 को समाप्त कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि डा.मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए बलिदान दिया। उनके कार्य सदियों तक आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट व पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को युवाओं के लिए प्रेरक बताया। कहा कि युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। विधानसभा प्रभारी मनोज जखमोला ने कहा कि डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी कभी भी अपने सिद्धांतों से पीछे नहीं हटे। वह महान विचाक, दार्शनिक के साथ ही एक महान शिक्षक और राष्ट्रभक्त भी थे। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों से मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, अनीता आर्य, शांतनु रावत, मनोज पांथरी, राकेश देवरानी, मोहन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में भाजपा कार्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते राज्यसभा सांसद डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी

# उक्रांद का धरना जारी, डामरीकरण के बजाय टाइल्स बिछाने का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** मवाकोट-कण्वाश्रम मोटर मार्ग की बेहतर मरम्मत के लिए उत्तराखंड क्रांति दल का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। सदस्यों ने मार्ग में डामर के बजाय बिछाए जा रहे टाइल्स का भी विरोध किया। कहा कि उक्त मार्ग पर टाइल्स लंबे समय तक नहीं टिक पाएगी। जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ेगी। जनता के हित को देखते हुए मार्ग पर टाइल्स के बजाय डामरीकरण किया जाना चाहिए। रविवार को मवाकोट चौराहे में धरना देते हुए उक्रांद ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया। दल के संरक्षक शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि मालन नदी का पुल ढहने के बाद वर्षाकाल में मवाकोट-कण्वाश्रम मोटर मार्ग ही आवागमन के लिए विकल्प बनेगा। लेकिन, वर्तमान में मार्ग मरम्मत के लिए डामर की बजाय टाइल्स बिछाई जा रही है। कहा कि यह टाइल्स वर्षाकाल में अधिक नहीं टिक पाएगी। जिससे वाहन चालकों को परेशानी होगी। कहा कि जनता के हित को देखते हुए मार्ग को पक्का बनाया जाना चाहिए। उक्रांद नेता दीपक सिंह रावत व राजेंद्र पंत ने कहा कि राजा जी नेशनल पार्क व कॉर्बेट पार्क में हाथी और शेर की परियोजनाओं क्षेत्रफल न बढ़ाया जाय। क्षेत्र बढ़ाने के कारण मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना रहता है। धरना देने वालों में सर्वेंद्र काला, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, गुलाब सिंह रावत, कमलेश कुकरेती, सतेंद्र नेगी, रामचंद्र सिंह, जगमोहन राणा, दयाल सिंह, महावीर चौहान, द्वारिका काला, प्रेम सिंह नेगी, प्रेमसिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में धरना देते उक्रांद के सदस्य

### राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में पेंशन वृद्धि पर हुई चर्चा

नई टिहरी। रविवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी की एक बैठक मंच के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट की अध्यक्षता में राज्य आंदोलनकारी शहीद स्मारक नई टिहरी में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। मंच की आयोजित बैठक में राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण व 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लेकर 30 जून को देहरादून में प्रदर्शन और सीएम आवास घेराव में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया गया। मुज्जफरनगर कांड में निशुल्क पैरोकारी करने वाले अधिवक्ताओं को देहरादून में सम्मानित करने वाले कार्यक्रम का समर्थन किया गया।

नई टिहरी में राज्य आंदोलनकारी स्मारक के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। प्रशासन की लंबित कार्रवाई में तेजी लाने पर विचार हुआ।

# 15 जुलाई से शुरू होगी गढ़वाल विवि में प्रवेश प्रक्रिया

श्रीनगर। गढ़वाल विवि में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। इस बार गढ़वाल विवि के तीनों परिसरों सहित विवि से सम्बद्ध सरकारी गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानो महाविद्यालयो में 15 जुलाई से एडमिशन की प्रकिया शुरू हो जाएगी। विवि इस बार 25 जुलाई से अपने वर्ष 2024 –25 के नए शैक्षणिक सत्र का आगाज़ कर देगा। इस बार पीजी में विवि खुद ही प्रवेश परीक्षा करवा रहा है तो वही यूजी में एडमिशन के लिए छात्रो को एनटीए द्वारा सीयूईटी का एग्जाम देना पड़ रहा है जिसके परीक्षा परिणाम की घोषणा 30 जून को एनटीए द्वारा कर दी जाएगी। 15 दिन बाद से विवि एडमिशन की प्रकिया को शुरू कर देगा।वही दूसरी तरफ गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष शुधासु थपलियाल ने एडमिशन प्रकिया शुरू होने को लेकर बताया कि अभी तक विवि का परीक्षा अनुभाग एग्जाम की तिथियों को आगे बढ़ा रहा है जिससे पूरा सिस्टम ही बदल रहा है ऐसे में विवि किस तरह से समय पर एडमिशन प्रकिया शुरू कर सकेगा इस ओर प्रश्न चिह्न जरूर खड़े होते है। उन्होंने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में भी विवि समय पर एडमिशन प्रकिया शुरू करने के दावे करता था लेकिन एडमिशन अगस्त सितंबर माह में शुरू हो सके इस बार भी यही होता हुआ दिखाई पड़ रहा है।वहीं गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो एमएस नेगी ने बताया कि वर्ष 15 जुलाई से एडिमशन प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। 30 जून तक यूजी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट सामने आ जायेगा जिसके 15 दिन बाद से एडमिशन की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी।

# रेंग-रेंग कर चल रहे वाहन, घंटों लग रहा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में जाम की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही। रविवार को शहर के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी हुई थी। सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे थे।

शहर में अव्यवस्थाओं के कारण जाम की समस्या दिन प्रतिदिनि विकराल होती जा रही है। रविवार को शहर की सड़कों पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति देखने को मिली।

सड़क किनारे घूम रही रेहड़ी-ठेली व बेतरतीब तरीके से पार्क किए गए वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे थे। नजीबाबाद चौराहे से झंडाचौक व झंडाचौक से सिद्धबली तक वाहन रेंग–रेंग कर चल रहे थे। वहीं, कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य भी राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत ठीक नहीं होने से पर्यटकों के वाहन घंटों जाम में फंसे हुए थे। दरअसल, गत वर्षाकाल में कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग के पुश्ते ढह गए थे। जिससे वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पा रहा था। शहरवासियों का आरोप है कि वह कई बार पुश्तों की मरम्मत के लिए शासन–प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जबकि, अब वर्षाकाल भी सिर पर आ चुका है।



कोटद्वार में बदरीनाथ मार्ग पर लगा वाहनों का लंबा जाम

### राम नाम के स्मरण से होता है कष्टों का नाशः संजय गौड

रुद्रप्रयाग, बडमा क्षेत्र के रामेश्वरम मंदिर तिमली में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे कथावाचक पं. संजय गौड ने कहा कि भगवान राम नाम के स्मरण से मनुष्यों के सभी कष्टों का हरण होगा। कलयुग में भगवान का स्मरण करना ही मोक्ष का द्वार भी माना गया है। कथा श्रवण के लिए दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। श्रीराम कथा में भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए चौथे दिन कथावाचक पं. संजय गौड ने कहा कि भाग्य से ज्यादा बलवान कुछ नहीं है, सबसे बलवान हमारा भाग्य है। राम कथा जीवन में आदर्श बनना सीखाती है। राम को वनवास की कथा सुनकर रामभक्त भावुक हो गए। इस मौके पर आयोजक पं. द्वारिका प्रसाद गौड़, राजेंद्र रावत, स्वामी सोमेश्वर महाराज के साथ ही बडमा विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष कालीचरण रावत, उमा सेमवाल सहित दूर दराज क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# खड्ड में गिरी कार, बड़ा हादसा टला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः छजूलिया धार के समीप एक वाहन अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गया। वाहन सवार लोगों को हल्की टोच आई है। गनीमत यह रही की वाहन खाई में गिरने के बाद झाड़ियों में फंस गया।

रविवार को सात लोगों का एक परिवार मां धारी देवी के दर्शन कर डांडा नागराजा के दर्शन को जा रहा था। इसी दौरान छजूलिया धार के समीप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने सभी वाहन सवार लोगों को बाहर निकाला। वाहन चालक ने बताया कि अदवाणी में सेन बोर्ड पर लिखित दिशा निर्देश से भ्रमित होकर उन्होंने वाहन कांसखेत की ओर मोड़ दिया। दो सो मीटर आगे जाकर कांसखेत की ओर से आ रही एक वाहन जो सड़क में ज्यादा ही अंदर की ओर आ गया। उससे बचने के लिए बैंड पर गाड़ी नीचे गिर गई । गनीमत रही की गाड़ी समतल जगह में झाड़ियों पर गिरा। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। गाड़ी में वाहन चालक सहित पांच महिलाए एक पुरुष सहित 7 लोग सवार थे। सभी सुरक्षित है। और उन्हे राजस्व पुलिस की मदद से डांडा नागराजा मंदिर के दर्शन के लिए भेज दिया। यात्री मूल रूप से सत्त्योंस्यूं पट्टी के बताए जा रहे हैं।



छजूलिया के समीप खड्ड में गिरा वाहन

# व्यय प्रेक्षक ने ली चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने वाले अधिकारियों की बैठक

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर व्यय प्रेक्षक मनदीप पंवार ने रविवार को चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने से संबंधित अधिकारियों एवं निगरानी दलों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम के प्रभारी अधिकारियों को पूरी सजगता एवं निष्ठा से निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।व्यय प्रेक्षक ने सभी वीएसटी प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी राजनीतिक बैठकों एवं जनसभाओं और रैलियों की पूर्ण वीडियोग्राफी वॉइस मोड में की जाए। रैली में आए वाहनों आदि की भी जांच व वीडियोग्राफी कर रिपोर्ट वीडियो अवलोकन टीम को प्रेषित की जाए। वीडियो अवलोकन टीम उसी दिन वीडियो का अवलोकन करें और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर लेखा टीम को उपलब्ध कराए। लेखा टीम सभी साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित रेट चार्ट में दी गई दरों पर प्रत्याशियों का छाया प्रेक्षण रजिस्टर तैयार करें एवं साक्ष्यों का फोल्डर अलग से तैयार करें। सभी प्रत्याशियों के अलग–अलग फोल्डर तैयार किए जाए एवं निरीक्षण के दिन सभी साक्ष्यों व छाया प्रेक्षण रजिस्टर को भी साथ लाए।



### काकडपानी से लूसी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने पर रोष

श्रीनगर। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत काकडपानी से बांगपानी से होते हुए लूसी तक मोटरमार्ग का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। मोटरमार्ग का कार्य शुरू न होने पर आक्रोशित लूसी के ग्रामीणों ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर ईई को मिलने पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की स्वीकृति के चार साल बाद भी निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है। मोटरमार्ग के निर्माण कार्य शुरू करवाये जाने की मांग को लेकर लोनिवि के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन को दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकशाल, सुशीला देवी, लक्ष्मी देवी, कमली देवी, रजनी देवी ने कहा कि मोटरमार्ग को लेकर लगातार विभागीय अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है, बावजूद अधिकारी भी ग्रामीणों को आश्वासन देते आ रहे है। बताया कि मोटरमार्ग न होने से लूसी गांव के ग्रामीणों को चार किलोमीटर खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। कहा कि उक्त चढ़ाई चढ़ने में बुजुर्ग लोग असमर्थ है।

# महिलाओं को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

नई टिहरी। माउंट वैली डेवलपमेंट एसो. दोणी की ओर से भिलंगना और जाखणीधार ब्लॉक के गांवों में महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेषज्ञों की ओर से उन्हें घरेलू कामकाज के साथ–साथ मशरूम उत्पादन कर आजीविका संवर्धन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। माउंट वैली की ओर से बीते शनिवार को खाल पाली, कोटी, स्यालकुंड, पौखाल, गेंवली, नंदगांव, कोष कांडी आदि गांवों में महिलाओं को मशरूम उत्पादन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। मशरूम उगाने के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का प्रयोग करना सिखाया गया। जिसमें शुद्ध कवक जाल संवर्धन बनाने के बाद उसे उबले हुए गेहूं, बाजरा, ज्वार, राई आदि के दानों पर उगाया जाता है। एसोसिएशन के कुंवर सिंह, अनीता और वीरेंद्र नेगी ने बताया कि मशरूम उत्पादन कर स्वयं सहायता समूह अच्छा लाभ कमा रहे हैं। अधिकांश उत्पादित मशरूम की लोकल बाजार में ही डिमांड है। जाखणीधार और भिलंगना ब्लॉक के काश्तकारों की ओर से उत्पादित मशरूम को माउंट वैली घनसाली, पिलखी, चमियाला, असेना, जाखधार, पौखाल, मगरों, पीपलडाली जैसे छोटे कस्बों में बाजार उपलब्ध करा रहा है।

## एक नजर

### फुटबॉल में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की जीत

देहरादून। अंडर–17 नेशनल आईपीएस सी सुब्रतो मुखर्जी इंटरनेशनल क्वालीफाई फुटबाल चैंपियनशिप में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश ने अपने–अपने मुकाबले जीते। सेलाकुई वर्ल्ड स्कूल के फुटबाल ग्राउंड में रविवार को चार मुकाबले खेले गए। पहला मैच जिनिसिस ग्लोबल स्कूल गुडगांव उत्तर प्रदेश और पीपीएस नाभा हिमाचल प्रदेश के बीच खेला गया, यूपी ने 12 –0 के अंतर से एकतरफा जीत हासिल की। दूसरे मैच में द डेली कॉलेज इंदौर मध्यप्रदेश और सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल देहरादून उत्तराखंड मैदान में उतरे। इसमें उत्तराखंड 1–0 के अंतर से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में एमेराल्ड हाईट्स स्कूल इंदौर मध्य प्रदेश ने द हैदराबाद पब्लिक स्कूल आंध्र प्रदेश को 3–1, चौथे मैच में पाइनग्रो स्कूल सोलन हिमाचल प्रदेश ने द लॉरेंस स्कूल सनावर हिमाचल को 5–1 के अंतर से शिकस्त दी। सेलाकुई स्कूल के हेड ऑफ स्पोर्ट्स कवलजीत सिंह ने बताया की टूर्नामेंट के बेहतरीन 36 खिलाड़ियों के नाम एसजीएफआई को नेशनल टीम के चयन के लिए भेजे जाएंगे। प्रतियोगिता में देश के 12 स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। मौके पर रेफरी डा. विरेंद्र सिंह रावत, रेफरी प्रवीन रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, योगेंद्र सिंह पटवाल, अमन जखमोला, अमित कांत टम्टा, विमल रावत, रोशन आदि मौजूद थे।

### राजकीयकरण की प्रक्रिया में तेजी लाए सरकार

देहरादून। पेयजल एजेंसियों को राजकीय विभाग बनाए जाने की मांग को लेकर जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने ट्रेजरी सिस्टम पर भी जोर दिया। मोर्चा संयोजक रमेश बिंजौला ने साफ किया कि आंदोलन सिर्फ स्थगित किया गया है, न की समाप्त किया गया है। जल निगम और जल संस्थान के कर्मचारी पेयजल के राजकीयकरण और राजकीयकरण होने तक ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर जोर दे रहे हैं। ट्रेजरी सिस्टम पर जल निगम की ओर से पहले ही हामी भर दी गई थी, लेकिन जल संस्थान को इस पर आपत्ति थी। अब कर्मचारियों के दबाव में जल संस्थान ने भी प्रस्ताव भेज दिया है। जल संस्थान के इसी प्रस्ताव के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल से कदम पीछे खींचे थे। संयोजक रमेश बिंजौला और विजय खाली ने कहा कि सरकार को पूरा समय दिया जा रहा है। ताकि पेयजल का राजकीयकरण के साथ ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। शासन को दोनों पेयजल एजेंसियों के प्रस्ताव मिल चुके हैं। ऐसे में शासन स्तर से तत्काल ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान किए जाने के आदेश किए जाएं।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की

देहरादून। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने तिलक लाइब्रेरी प्रांगण में उनके चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देश की एकता व अखंडता के लिए किए गये कार्यों को याद किया। तिलक लाइब्रेरी प्रांगण में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश रावत ने कहा कि डा. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए कार्य किया व कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मसूरी मंडल ने गजियावाला में बूथ लेवल पर एक वृक्ष मां के नाम पर शुरू किया गया है जिसका समापन हरेला दिवस पर मसूरी में होगा।

### हल्द्वानी में पेपर लीक पर फूटा गुस्सा

हल्द्वानी। परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने नीट और यूजीसी नेट पेपर में हुई धांधली के विरोध में रविवार को हल्द्वानी में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। बुद्ध पार्क तिकोनिया में सभाकर छात्र संगठन ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

युवाओं ने कहा कि बीते कुछ सालों में परीक्षाओं में लगातार धांधली हो रही है। परीक्षा से पहले या तो पेपर लीक हो जा रहे हैं, या परीक्षा में अपनों को नौकरी दिलाई जा रही है। नीट और यूजीसी की नेट की परीक्षा में भी धांधली से छात्र बेहद आहत हैं। युवाओं ने पेपर लीक पर रोक लगाई जाने, पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच किए जाने, फिर से परीक्षा होने पर छात्रों को तैयारी, किराया समेत अन्य खर्चों का भुगतान सरकार की ओर से करने, एनटीए को भंग करने, नीट की परीक्षा फिर से कराए जाने सहित अन्य मांग उठाई।

# मंगलौर में इस बार खिलेगा कमल: रेखा आर्य



रुड़की। काबीना मंत्री रेखा आर्य ने कहा है कि इस बार मंगलौर उपचुनाव में कमल खिलेगा। भारी मतों से पार्टी प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना विजयी होंगे। इसके लिए संगठन के कार्यकर्ता मजबूती के साथ बूथ स्तर पर कार्य कर रहे हैं। जिससे यह साफ जाहिर है कि इस बार मंगलौर के इतिहास में नई इबारत लिखी जाएगी। रविवार को कस्बे में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में काबीना मंत्री रेखा आर्य पहुंची। जहां मंगलौर हाईवे स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार मंगलौर में भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी और कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता परिवार का हिस्सा है कोई भी बाहरी नहीं है एक देश, एक राष्ट्र सभी यही के निवासी हैं। किसी को भी बाहरी कहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का पूरा संगठन पूरी निष्ठा और लग्न के साथ पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में काम कर रहा है। जिससे साफ जाहिर है कि इस बार मंगलौर विधानसभा में भाजपा की जीत निश्चित है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, आकाश गौतम, मीरा कपिल, अनंत कुमार, कुलदीप, राजेंद्र, विकास, अनीता, संतोष रानी और विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आगाज

देहरादून। मसूरी टेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से ग्रीष्म कालीन शिविर का रविवार को राधाकृष्ण मंदिर सभागार में आगाज हो गया। फिटनेस क्लब, मसूरी खेल–सांस्कृतिक समिति, आईटीबीपी अकादमी एवं बेन वोलेंस केयर क्लीनिक के सहयोग यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में 65 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। बच्चे विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आर्ट एवं क्राफ्ट, कराटे, कम्युनिकेशन स्किल, नृत्य, योग व प्राथमिक चिकित्सा आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। मुख्य अतिथि पूर्व आईजी बीएसएफ मनोरंजन त्रिपाठी, मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर में बच्चों को अपनी हॉबी के अनुसार अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि एमपीजी कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य डा. सुनील पंवार, रजत अग्रवाल, डा. स्नेहा पंवार, नंदिनि कुमोला, शालू, अक्सा, मधु मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# उपचुनाव में इंडिया गठबंधन, सिविल सोसाइटी का कांग्रेस को समर्थन

देहरादून। बदरीनाथ, मंगलौर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन और सिविल सोसाइटी ने कांग्रेस प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया। सभी ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया। मजबूती से चुनाव लड़ने पर जोर दिया। कांग्रेस भवन में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठनबंधन ने संयुक्त रूप से बेहतर प्रदर्शन किया। बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में भी मजबूती से लड़ा जाएगा। संयुक्त रूप से एकजुटता के साथ चुनाव लड़कर भाजपा की विघटनकारी नीतियों के खिलाफ जीत दर्ज की जाएगी। कांग्रेस ने स्वच्छ छवि के जमीनी कार्यकर्ताओं को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों का इतिहास जनता के लिए संघर्ष का रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रत्याशी अपनी मूल विचारधारा के खिलाफ वाले हैं। कहा कि लोकसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को जीत नहीं मिल पाई, लेकिन कांग्रेस का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है। कांग्रेस पिछले चुनाव की हार के अंतर को कम करने में कामयाब रही है। भाजपा ने अपना जनाधार खोया है। उपचुनाव में अब कांग्रेस बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।

सीपीआई के नेशनल काउंसिल मेंबर समर भंडारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य एकजुटता के साथ उपचुनाव में भाजपा को हराना है। सीपीआई माले के प्रदेश सचिव इन्द्रेश मैखुरी ने कहा कि उपचुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करते हुए जीत का प्रयास किया जाएगा। इंसानियत मंच के रवि चोपड़ा ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी, गरीब विरोधी, बेरोजगार नौजवान विरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाना है। सपा के राष्ट्रीय सचिव एसएन सचान ने कहा कि हमें संयुक्त रूप से जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे। बैठक में भारत जोड़ो अभियान के उत्तराखण्ड संयोजक भुवन पाठक, महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष निर्मला बिष्ट, किसान सभा के सुरेन्द्र सजवाण, आनन्द रावत, शीशपाल सिंह बिष्ट, त्रिलोचन भट्ट, नन्दिनी आर्य, शंकर गोपाल मौजूद रहे।

**गठबंधन की मंगलौर, गोपेश्वर में होगी बैठक**

बैठक में तय हुआ कि नन्दिनी आर्य उपचुनाव में गठबन्धन एवं सिविल सोइटी की सोशल मीडिया इंचार्ज होंगी। गठबन्धन की अगली बैठक 29 जून को मंगलौर और एक जुलाई को गोपेश्वर में होगी।



# एकल विद्यालय की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर। एकल अभियान सम्भाग उत्तराखंड के अंतर्गत अंचल ऊधमसिंह नगर का स्नेह सम्पर्क परिवार (महिला विभाग) का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। इसमें जिलेभर के एकल विद्यालय में योगदान दे रही महिलाएं शामिल हुईं। रविवार को एएनके इंटर कॉलेज गूलरभोज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानवेन्द्र पांडेय, स्नेहपाल सिंह, गोल्डी बंसल, ममता भटेजा ने किया। इस दौरान प्रभाग अध्यक्ष शांति पांडेय ने एकल अभियान में महिला समिति की भूमिका व वर्ग का उद्देश्य बताया। इस दौरान निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे, वर्ग संयोजक विजेता पानू, शैली बंसल, इन्द्रा चंद, हरीश बजाज, राकेश सिंह, भगत सिंह धर्मशक्तू, संजीव भटेजा, नरेश सिंह, लोकपाल शाही, विषन सिंह, राजेन्द्र मेहरा, योगेश पानू, उदयभान, राजेश, अरविन्द, फाल्गुनी सरकार, मनीषा नेगी, भावना उपाध्याय, अजीत सिंह, रामेश्वरी आदि रहे।

# पंतनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



रुद्रपुर। दो दिन के जिला भ्रमण पर आए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने शनिवार देर शाम जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर स्थित तराई अतिथि गृह में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्यपाल ने विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंतनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने जा रहा है। इससे कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

शनिवार को राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि जिस प्रकार मानसखंड मंदिर माला मिशन आकार ले रहा है, उससे आने वाले समय में ऊधमसिंह नगर में भी श्रद्धालुओं और यात्रियों की आमद निश्चित रूप से बढ़ेगी। इसके लिए जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए विकास को बढ़ावा देना चाहिए। कहा कि मनरेगा के माध्यम से हेलीपैड निर्माण जैसे कार्यों को संपन्न कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंतनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने जा रहा है। केंद्र सरकार की इस पहल से कुमाऊं क्षेत्र में न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि औद्योगिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व कुछ वैश्विक चुनौतियों से निपटने की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसमें तापमान की बढ़ोतरी, भूमिगत जल का गिरना, वनाग्नि और आधुनिक शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं अहम हैं। राज्यपाल ने जिलाधिकारी और एसएसपी को एक–एक कॉफी टेबल बुक बनाने के निर्देश दिए, जिससे कि उनकी ओर से किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी अन्य जिलों को भी प्राप्त हो सके।

# प्रतिष्ठित किसान की मां का निधन, मरणोपरांत आंखें दान कीं



रुद्रपुर। प्रतिष्ठित किसान विशाल जुनेजा और अजय जुनेजा निवासी जुनेजा फार्म की माता सरोज जुनेजा का 74 वर्ष की आयु में रविवार सुबह निधन हो गया। मरणोपरांत उनकी आंखों का दान किया गया। मुरादाबाद की आई बैंक टीम ने जुनेजा फार्म पहुंचकर उनकी आंखों की कार्निया सुरक्षित रख लीं। इन्हें दो लोगों को प्रत्यारोपित किया जाएगा।

रविवार सुबह सरोज जुनेजा के निधन का समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने जुनेजा फार्म पहुंचकर शोक संवेदनाए व्यक्त कीं। पुत्रों ने मां के स्वर्गवासी होने पर उनके नेत्र दान करने का निर्णय लिया। उन्होंने मुरादाबाद की सीएल गुप्ता आई बैंक वेलफेयर सोसायटी से संपर्क किया। रविवार सुबह आठ बजे सीएल गुप्ता आई बैंक की टीम के सीनियर टेक्नीशियन दीपक व जूनियर टेक्नीशियन दीपक कुमार ने जुनेजा फार्म पहुंचकर सरोज जुनेजा की आंखों की कार्निया सुरक्षित रख लीं।

## बलिदान दिवस पर भाजपाईयों ने डा मुखर्जी को किया याद

नई टिहरी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाईयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। रविवार को मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी का उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र भसीन ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर सभी ने उन्हें याद किया। भसीन ने कहा कि मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी व मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वह इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए।

# रानीधारा मार्ग सुधारीकरण की मांग को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना




अल्मोड़ा। रानीधारा लिंक रोड के सुधारीकरण को लेकर शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। धरने के द्वितीय दिवस में रानीधारा क्षेत्र के निवासियों को अल्मोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का भी समर्थन मिला। धरनास्थल पर पहुंचे वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से इस रोड का निर्माण न होना जनप्रतिनिधियों की जनता के प्रति उदासीनता व प्रदेश में पूर्ण रूप से हावी हो चुकी नौकरशाही का जीता जागता उदाहरण है। विभिन्न स्कूलों को जोड़ने वाला यह मार्ग जिसमें स्कूली बच्चे रोजमर्रा में स्कूल जाने के लिए प्रयोग करते हैं, बद से बदतर हो चुका है, जो बरसात में बड़ी आपदा को दावत दे रहा है। धरने के दूसरे दिन रिटायर्ड प्रोफेसरों, और स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों ने भी शिरकत की। रविवार को धरने में सयोजक विनय किरौला, डॉ सैयद अली हामिद, डॉ एस एस पथनी, महेंद्र सिंह गैड़ा, नवीन भट्ट, रोहित पंत, संदीप द्रमवाल, दीप चंद्र बिष्ट, शम्भू दत्त बिष्ट, हेम चंद्र सिराडी, दीपा बिष्ट, बीना पंत, नीमा पंत सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी भावभीनी श्रद्धाजंलि

देहरादून। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के बड़ोवाला में एक निजी वेडिंग प्वाइंट में भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं राजनीतिक चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मृति दिवस पर याद किया।

इस उपलक्ष में हुई विचार गोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गणेश जोशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली देते हुए उन्होंने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। अखंड भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। एक निशान, एक विधान और एक प्रधान पर उनकी स्पष्ट राय थी। वे महान विचारक दार्शनिक के साथ ही एक महान शिक्षक और राष्ट्रभक्त थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश में एक निशान एक विधान के सिद्धांत को साकार किया।

## बहादराबाद में महिला से बदमाश ने चेन लूटी

हरिद्वार। पुलिस के मुताबिक रवि कुमार निवासी जयपुर मुरलीपुरा यादव नगर ने थाना बहादराबाद में तहरीर देकर बताया कि वह कार से अपने परिवार के साथ हरिद्वार स्नान करके शुक्रवार को वापस अपने घर लौट रहा था, जब वह बहादराबाद पुल के पास पहुंचे तो उसके बच्चे का स्वास्थ्य खराब होने पर कार को रोक लिया। उसी समय सड़क के किनारे खड़े एक साधु वेषधारी ने उसकी पत्नी के गले से चेन झपट ली और फरार हो गया। उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन अल्मोड़ा हरेला पर्व पर करेगा वृक्षारोपण




अल्मोड़ा। उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन अल्मोड़ा की एक बैठक गांधी पार्क अल्मोड़ा में आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय संगठन के महासचिव स्व भद्र सिंह नेगी एवं प्रांतीय अध्यक्ष स्व मयंक शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि विगत वर्षों की भांति 09 अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संगठन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान यात्रा का आयोजन करेगा। यात्रा में अल्मोड़ा के सभी सामाजिक, राजनीतिक और स्वयंसेवी संस्थाओं को साथ लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष सेनानी सम्मान यात्रा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गोविंद बल्लभ पंत पार्क से गांधी पार्क अल्मोड़ा तक आयोजित की जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि आगामी माह हरेला पर्व के दिन संगठन अपने स्तर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगा और पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान देगा। बैठक का संचालन जनपद अध्यक्ष कमलेश पांडे ने किया तथा अध्यक्षता संगठन के संरक्षक ताराचंद शाह ने की। बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष पुष्कर प्रसाद पांडे, सचिव भरत पांडे, शिवेंद्र गोस्वामी, कैलाश वर्मा, बद्री दत्त पांडे, विनय कुमार पांडे, किशनचंद जोशी आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामालोक कार्यक्रम में साहित्यकारों ने हिंदी रचनाओं का किया पाठ




अल्मोड़ा। साहित्य अकादमी द्वारा ग्राम बकस्वाड़ अल्मोड़ा में ग्रामालोक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें साहित्यकार त्रिभुवन गिरी, डॉ हयात रावत, नवीन बिष्ट, विपिन जोशी 'कोमल', शंकर जोशी और डॉ ललित चन्द्र जोशी 'योगी' ने अपनी हिंदी रचनाओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम के संयोजक और सदस्य परामर्श मंडल साहित्य अकादेमी के प्रो देव सिंह पोखरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन गिरि महाराज ने की। मुख्य अतिथि रूप में लमगड़ा ब्लॉक प्रमुख विक्रम सिंह बगडवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो देव सिंह पोखरिया ने साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की सूचना दी। उन्होंने बताया कि ग्रामालोक कार्यक्रम भारतवर्ष के ग्रामों में आयोजित हो रहे हैं। ग्रामों में क्षेत्र के कवियों की रचनाओं का पाठ किया जा रहा है।

## खांड और तैला में सिचांई नहर क्षतिग्रस्त

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक की धार–अकरिया पट्टी के ग्राम खांड और तैला के खेतों की सिंचाई करने वाली नहर बीते 3 साल से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। खांड और तैला के ग्रामीणों ने शनिवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में बताया कि सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त होने से गांव के काश्तकार परेशान हैं। उन्होंने शासन–प्रशासन से नहर की मरम्मत कर उसमें पानी चलाने की मांग की है। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि वह तीन सालों से लगातार शासन–प्रशासन को इस संबंध में कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। सिंचाई न होने से ग्रामीण धान, गेहूं सहित सब्जियों का उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। उत्पादन करने वाले खेत बंजर पड़े हैं। उन्होंने डीएम और प्रदेश के सिंचाई मंत्री से भी गांव का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लेने की मांग की है।

# चाय विक्रेता की हत्या करने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में चाय विक्रेता की हत्या का खुलासा शहर कोतवाली पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर करते हुए आरोपी कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी से छेड़छाड़ करने पर ही कबाड़ी ने चाय विक्रेता की हत्या की थी।

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। शनिवार सुबह भूमा निकेतन आश्रम के ठीक सामने पेशे से चाय विक्रेता रमेश गुप्ता, निवासी लखीमपुर खीरी यूपी का खून से लथपथ शव मिला था। सामने आया था कि चाय विक्रेता की एक कबाड़ी ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या की है। शहर कोतवाली पुलिस ने इस संबंध में मनीष कुमार पुत्र कृष्ण पाल, निवासी गंगोह सहारनपुर यूपी की तरफ से कबाड़ी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी को रविवार सुबह मोतीचूर रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी दीपक यादव पुत्र शंकर सिंह निवासी गांव हडिया इलाहाबाद यूपी ने कबूला कि सुबह के वक्त कूड़ा बीनते हुए रमेश गुप्ता ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ कर दी थी। वह भी उसके साथ ही कूड़ा बीन रही थी। इसी बात को लेकर उसने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिवार के संबंध में जानकारी नहीं मिल सकी है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसएसआई सतेंद्र बुटोला, एसआई संजीत कंडारी, एसआई शैलेंद्र ममगाईं, हेड कांस्टेबल संजय और मनविंदर शामिल रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338